# इंटर परीक्षा के लिए पंजीयन का अंतिम मौका 18 तक

**पटना।** बिहार बोर्ड ने इंटर वार्षिक परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले उन छात्रों को पंजीयन का अंतिम मौका दिया है, जो अब तक पंजीयन नहीं करवा पाये हैं। ऐसे छात्र अपने स्कूल या कॉलेज से संपर्क कर 15 से 18 सितंबर के बीच विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन पंजीयन करवा सकते हैं जो छात्र 15 से 18 सितंबर के बीच पंजीयन करेंगे, उनका पंजीयन प्रमाणपत्र बोर्ड वेबसाइट पर 19 सितंबर को अपलोड होगा। इंटर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि भी 22 सितंबर तक बढ़ा दी गयी है।

@pky